हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 30 सितंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 यूजीसी 2026 के विरोध में सड़क पर उतरा नगर का सर्वसमाज



07 डेढ़ साल से एक ही अधीक्षिका के भरोसे दो बालिका छात्रावास



खबर संक्षेप

बच्चों को बांटे लाड़ली लक्ष्मी प्रमाण पत्र

विदिशा। अहमदपुर मंडल ग्रामीण क्षेत्र के अहमदपुर आंगनबाड़ी केंद्र पर सेवा संकल्प अभियान के बच्चों को लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में अहमदपुर मंडल अध्यक्ष रामेश्वर सिंह किरार, मंडल महामंत्री प्रतिनिधि रणवीर पवार, उपाध्यक्ष त्रिलोक कुशवाहा, मंत्री तुलसीराम लोधी, मीडिया प्रभारी दशरथ सेन, युवा नेता मनोज प्रजापति व अनिकेत शर्मा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका मौजूद रहीं। वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, शिक्षा और मातृशक्ति के सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

नेत्र परीक्षण शिविर 131 मरीजों की जांच

ग्यारसपुर। शासकीय अस्पताल ग्यारसपुर में स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर-लटेरी ने मोतियाबिंद निवारण एवं नेत्र परीक्षण शिविर लगाया। डॉक्टर दिलीप सेन, नेत्र सहायक रजनीश भार्गव सहित टीम ने 131 से अधिक मरीजों की जांच की। इनमें 16 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले, जिन्हें आगे के उपचार के लिए चिन्हित किया गया। शिविर में 29 मरीजों को निशुल्क चश्मे और 49 को दवाइयां वितरित की गईं। मरीजों का ब्लड प्रेशर और शुगर परीक्षण भी किया गया। कैंप प्रभारी लखन शर्मा ने व्यवस्थाएं संभालीं।

आंगनबाड़ी में मनाया जा रहा आंगन उत्सव

ग्यारसपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्यारसपुर ब्लॉक की आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगन का मिलन उत्सव मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जा रहा है। केंद्रों पर मिलने वाले पोषण आहार और 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल के महत्व की जानकारी दी जा रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधि व महिलाएं केंद्रों पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं का सम्मान कर रही हैं। बच्चों को फल व टॉफियां भी वितरित की जा रही हैं। अभियान ग्यारसपुर, हैदरगढ़, गुलाबगंज व नौलास सहित विभिन्न सेक्टरों में चल रहा है।

रंगई आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यक्रम आयोजित



विदिशा। आंगनबाड़ी केंद्र रंगई में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम हुआ। इसमें महिलाओं से विभागीय योजनाओं, पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा को लेकर चर्चा की गई। लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। लाड़ली बालिकाओं के नाम से पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य निर्मला वर्मा, सरपंच अमित कुशवाह, एमपीडब्ल्यू नवरंग तोमर, पर्यवेक्षक रजनी शर्मा सहित आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

300 परिवारों की सुरक्षा और संपत्ति खतरे में

कोर्ट में चल रहे बालाजी पैराडाइज कॉलोनी के गेट के मामले में मंगलवार को एनएचएआई और नगरपालिका ने बिना सूचना के कॉलोनी के गेट को तोड़ दिया। जबकि यह मामला निचली अदालत और उच्च न्यायालय में लंबित है।

मनमानी: न्यायालय की कमीशन रिपोर्ट और 3 बार नपती व सीमांकन में गेट किसी प्रकार के अतिक्रमण में नहीं पाया गया, फिर भी तोड़ दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

एनएचएआई और नगरपालिका के अधिकारियों ने मंगलवार को जेसीबी से बालाजी पैराडाइज कॉलोनी का गेट और बाउंड्री तोड़ने की कार्रवाई की।

इस कार्रवाई की किसी को कानो कान खबर तक नहीं लगने दी गई। गेट तोड़ने की कार्रवाई के संबंध में कॉलोनाइजर और कॉलोनी के रहवासियों को तक जानकारी नहीं थी। अधिकारी जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और गेट और बाउंड्री पर चलवा दी। इस कार्रवाई के रहवासियों में भारी आक्रोश पैदा हो गया है। कॉलोनी में करीब 300 परिवार निवास करते हैं। गेट टूटने के बाद उनकी सुरक्षा और संपत्ति पर खतरा मंडराने लगा है।



विदिशा। अधिकारियों ने जेसीबी चलवाकर तुड़वाया कॉलोनी का गेट।

कार्रवाई के विरुद्ध न्यायालय में जाएंगे: मयंक जैन

कॉलोनाइजर मयंक जैन का कहना है कि कार्रवाई से पहले हमें या कॉलोनी के रहवासियों को कोई नोटिस नहीं दिया गया। बालाजी पैराडाइज से संबंधित प्रकरण विदिशा की निचली अदालत एवं उच्च न्यायालय में लंबित है। लंबित न्यायालयीन प्रकरण के दौरान स्वयं न्यायालय के निर्देश पर मौके की जांच निरीक्षण कराया था। न्यायालय द्वारा कराई गई कमीशन रिपोर्ट में भी यह पाया गया कि कॉलोनी का गेट हमारी निजी भूमि पर निर्मित है। इसके अतिरिक्त पूर्व में तीन बार की गई नपती, सीमांकन में भी गेट को किसी प्रकार के अतिक्रमण में नहीं पाया गया था। इसके बावजूद बिना किसी पूर्व सूचना के गेट एवं बाउंड्री को तोड़ दिया गया। मौके पर किसी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति के बिना कार्रवाई की जांच होना चाहिए। अचानक की गई कार्रवाई से श्री बालाजी पैराडाइज में निवासरत लगभग 300 परिवारों की सुरक्षा सीधे तौर पर प्रभावित हुई है। हम इस पूरी कार्रवाई के विरुद्ध न्यायालय की शरण लेंगे तथा एनएचएआई और नपा एवं संबंधित अधिकारियों की भूमिका और कार्रवाई की वैधानिकता की न्यायिक जांच की मांग करेंगे।

कोर्ट के आदेश का भी नहीं किया इंतजार

किसी भी प्रकरण में यदि मामला कोर्ट में पहुंचता है तो उस प्रकरण में घर, मकान, दुकान सहित किसी भी संपत्ति को वास्तुस्थिति में रखा जाता है। फैसला आने तक कोई भी निर्माण या तोड़ने जैसी कार्रवाई नहीं की जा सकती, लेकिन इस प्रकरण में मामला उच्च न्यायालय में लंबित होने के बाद भी एनएचएआई और नगरपालिका के अधिकारियों ने कॉलोनी के गेट को तोड़ने की कार्रवाई कर दी। जिससे 300 परिवारों की सुरक्षा और संपत्ति खतरे में आ गई है।

जनसुनवाई में आईं शिकायतों पर अधिकारियों को समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश

पट्टे की जमीन पर कब्जा, कलेक्टर बोले- फसल कटवाकर तुरंत कब्जा दिलवाओ

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्ट्रेट में मंगलवार को हुई जनसुनवाई में जिलेभर से पहुंचे लोगों ने जमीन, फसल, बैंक ऋण, बिजली, आवास और सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने आवेदकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कई मामलों में मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया शुरू कराई गई।

लटेरी तहसील के ग्राम कोलापुरा निवासी बाबूलाल प्रजापति ने पट्टे की पांच बीघा जमीन पर कब्जे और सोयाबीन की फसल काटने की धमकी की शिकायत की। उन्होंने बताया कि जमीन से जुड़े प्रकरण में वे न्यायालय से जीत चुके हैं, फिर भी कब्जा नहीं मिला है। कलेक्टर ने लटेरी एसडीएम से वर्चुअल चर्चा कर निर्देश दिए। इसके बाद जमीन पर बोई गई सोयाबीन की फसल कटवाकर आवेदक को कब्जा दिलाने की कार्रवाई शुरू की गई। इमलिया निवासी पर्वत सिंह ने केसीसी से जुड़ी परेशानी और बैंक द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत की। जांच में सामने आया कि केनरा बैंक में उनका पुत्र के साथ संयुक्त खाता है और पुत्र का सिविल स्कोर संतोषजनक नहीं होने से समस्या आ रही थी। बैंक अधिकारियों ने नया केसीसी खाता खुलवाने की सलाह दी। इससे मौके पर ही समस्या के समाधान का रास्ता साफ हुआ। पुरेनिया निवासी रामबाबू मालवीय ने हिंदूजा फाइनेंस की बकाया राशि जमा करने में असमर्थता बताई। उन्हें भी बैंकिंग लोकपाल के समक्ष शिकायत करने की सलाह दी गई।

केसीसी की समस्या भी मौके पर सुलझी



विदिशा। मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में जिलेभर के ग्रामीण क्षेत्रों से आए ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए कलेक्टर।

फसल नुकसान से लेकर आवास तक की शिकायतें पहुंचीं

नटेरन के खेजड़ा निवासी रतन सिंह कुशवाह ने तार फेंसिंग तोड़कर खड़ी फसल नष्ट करने की शिकायत की। मामले में जांच के निर्देश दिए गए। ग्यारसपुर के मोहम्मदगढ़ निवासी फूल सिंह ने बिजली समस्या रखी। विदिशा के रायपुर निवासी छतर सिंह ने नक्शे में बटान दर्ज कराने, नटेरन निवासी मोहन बाई ने कंप्यूटर खसरे में नाम दर्ज कराने की मांग रखी। आनंदपुर निवासी आशुतोष शर्मा ने शासकीय चौपाल की खसरा नंबर 274 की भूमि पर अवैध निर्माण और अतिक्रमण रोकने की मांग की। इसके अलावा मुखर्जीनगर निवासी ममता अहिरवार ने गरीबी रेखा का राशन कार्ड बनवाने और टीलाखेड़ी नई बस्ती निवासी प्यारी बाई जाटव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण के लिए पट्टा देने का आवेदन दिया।

शिकायत सुनी, तुरंत हल करने के निर्देश

सिरोंज तहसील के वीरपुर निवासी फुल्ला धानक ने कृषि भूमि के बीच से सड़क बनाए जाने की शिकायत की। अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लेकर निराकरण की प्रक्रिया शुरू की। सिरोंज के सोना गांव निवासी गोपाल अहिरवार ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत ऋण और टूलकिट नहीं मिलने की शिकायत की। जांच में सामने आया कि ऑनलाइन आवेदन में क्रेडिट विकल्प भरने में त्रुटि के कारण आवेदन बैंक तक नहीं पहुंचा था। उद्योग विभाग ने आवेदन में संशोधन कर दिया।

बैंकिंग मामलों में भी मिला समाधान

रामपुरा बंधिया निवासी भारत सिंह मीणा ने ऋण जमा नहीं कर पाने की समस्या बताई। जांच में संबंधित नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनी द्वारा सरफैसी अधिनियम के तहत कार्रवाई किए जाने की जानकारी मिली। आवेदक को बैंकिंग लोकपाल में शिकायत करने की सलाह दी गई।

वाहन बिक्री में गड़बड़ी का आरोप! कांग्रेस ने कलेक्टर से जांच की मांग

16 लाख मूल्यांकन, 21 लाख में बिक्री का दावा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नगरपालिका के 41 सरकारी वाहनों की बिक्री और स्क्रैप प्रक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी और जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कलेक्टर को शिकायत देकर प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप लगाए हैं। शिकायत के बाद कलेक्टर ने जांच के लिए एसडीएम को निर्देश दिए हैं। आशीष माहेश्वरी का आरोप है कि करीब 16 लाख मूल्य के 41 वाहनों को लगभग 21 लाख रुपए में बेचा गया। उनका दावा है कि खुली नीलामी की प्रक्रिया अपनाई जाती तो अधिक राजस्व मिल सकता था।

सरकार की स्क्रैप नीति के उल्लंघन का आरोप

शिकायत में कहा गया कि केंद्र और राज्य सरकार की स्क्रैप नीति के अनुसार 15 साल पुराने सरकारी वाहनों को अधिकृत आरवीएसएफ सेंटर में स्क्रैप किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि इन वाहनों को नगरपालिका परिसर में ही काटकर बेच दिया गया। इसके अलावा जमा प्रमाणपत्र जारी कराने, रजिस्ट्रेशन निरस्त कराने और आरटीओ से जुड़ी जरूरी औपचारिकताएं पूरी नहीं करने के भी आरोप लगाए गए हैं। कांग्रेस ने जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

अध्यक्ष पद के लिए राधेश्याम माहेश्वरी व गजेंद्र रघुवंशी के बीच होगा मुकाबला

विदिशा। अनाज तिलहन व्यापार उत्थान संघ के चुनाव में नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी हो गई है। उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले कुलदीप गुप्ता और अजय जैन बाबा, महामंत्री पद के लिए मयंक अग्रवाल तथा महासंघ प्रतिनिधि पद के लिए सुमित जैन, रीतेश अग्रवाल और आदर्श अग्रवाल ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। अब अध्यक्ष पद पर राधेश्याम माहेश्वरी और गजेंद्र सिंह रघुवंशी के बीच मुकाबला होगा। उपाध्यक्ष पद के लिए यशवंत साहू और रीतेश अग्रवाल, महामंत्री के लिए विवेक जैन कुमेड़िया और महेंद्र जैन तथा मंत्री पद के लिए यश जैन और सौमिल अग्रवाल मैदान में हैं। कोषाध्यक्ष पद पर विजय अग्रवाल और संजीव जैन के बीच मुकाबला होगा। महासंघ प्रतिनिधि पद के लिए कुलदीप गुप्ता, बृजेश जैन, राकेश बंसल, कपिल अग्रवाल और अमित उपाध्याय प्रत्याशी हैं। इन 5 में से 4 प्रतिनिधि चुने जाएंगे। निर्वाचन अधिकारी घनश्याम बंसल, प्रकाश भंडारी और विनोद ठुकराल ने बताया कि 4 अक्टूबर को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक 300 व्यापारी मतदान करेंगे। शाम 3 बजे से मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।

सीएमएचओ ने किया स्वास्थ्य संस्थाओं का औचक निरीक्षण, अनुपस्थितों का वेतन काटने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार और टीकाकरण अधिकारी डॉ. हेमंत पचौली ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नटेरन और आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेऊ का औचक निरीक्षण किया।

स्वास्थ्य संस्थाओं में कर्मचारियों की उपस्थिति, साफ-सफाई, उपलब्ध सुविधाओं और मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति देखी गई। अनुपस्थित चिकित्सक एवं कर्मचारियों का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।



नटेरन सीएचसी में अधिकारियों ने चिकित्सकों और कर्मचारियों को निर्धारित समय पर उपस्थित रहने और मरीजों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) का निरीक्षण कर भर्ती बच्चों की जानकारी ली और उन्हें दी जा रही डाइट की समीक्षा की। इसके बाद आयुष्मान आरोग्य मंदिर सेऊ का निरीक्षण किया गया, जहां सभी कर्मचारी उपस्थित मिले। अधिकारियों ने एएनसी, हाई रिस्क एएनसी, आवश्यक जांच और पीआईएच प्रबंधन का शत-प्रतिशत कार्य सुनिश्चित करने तथा संबंधित पोर्टल पर जानकारी समय पर दर्ज करने के निर्देश दिए।

10 अक्टूबर को होगा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

विदिशा। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 10 अक्टूबर को अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। डीन डॉ. मनीष निगम ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और संवाद को प्रोत्साहित करना है। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े वास्तविक अनुभव स्वैच्छिक सहमति से साझा किए जाएंगे। कार्यक्रम में शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल होंगे।

कैमरों से खुला लाखों की चोरी का राज

कुरवाई पुलिस ने 350 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले, 150 संदिग्धों से की पूछताछ, 15 लाख रुपए के जेवर और 40 हजार रुपए बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरवाई

कुरवाई पुलिस ने सूने मकान में हुई लाखों रुपए की चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से करीब 15 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और 40 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं।

मेहलुआ चौराह निवासी देवेंद्र दांगी ने 30 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 24 अगस्त को अपने छोटे भाई के पास गंजबासौदा गए थे। 25 अगस्त को लौटने पर घर का दरवाजा टूटा मिला और अलमारी में रखे जेवर व नकदी गायब थी। पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

चोरी का सुराग लगाने पुलिस टीम ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 350 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। 360 दृष्टि अभियान के तहत लगाए गए कैमरों की रिकॉर्डिंग सहित तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण किया गया। पुलिस ने 150 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ भी की। इसके बाद मिले सुरागों के आधार पर मेहलुआ चौराहा निवासी 25 वर्षीय आशीष सेन की पहचान हुई।

पुलिस ने 28 सितंबर को उसे गिरफ्तार कर चोरी का मशरूका बरामद किया। इसमें सोने का हार, मंगलसूत्र, झुमकी, टॉप्स, रिंग्स, चांदी की पायल, बिछुड़ी, करधोनी सहित अन्य आभूषण शामिल हैं। आरोपी को 29 सितंबर को न्यायालय में पेश किया गया।

सहयोग सेल में विधायक ने सुनीं समस्याएं

पेयजल, सड़क, बिजली, पेंशन और राशन से जुड़े आवेदन लेकर पहुंचे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भाजपा कार्यालय में मंगलवार को भाजपा के सहयोग सेल के माध्यम से विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने नागरिकों और कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं।

विदिशा विधानसभा क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने पेयजल, सड़क, बिजली, पेंशन, राशन, राजस्व सहित अन्य मूलभूत समस्याओं से संबंधित आवेदन विधायक के समक्ष प्रस्तुत किए। विधायक टंडन ने आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर उनके निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता है। सहयोग सेल के माध्यम से लोगों को अपनी समस्याएं सीधे रखने का अवसर मिल रहा है।

कार्यक्रम में जिला भाजपा संगठन की ओर से सहयोग सेल में मुकेश चौकसे और डॉ. राहुल जैन मौजूद रहे। इस दौरान बाबूलाल ताम्रकार, बलवीर रघुवंशी, अनिल सोनकर, वीरसिंह रघुवंशी, जगदीश दांगी, प्रशांत खत्री, सुरेंद्र चौहान, राहुल गुप्ता, शैलेंद्र सिरभैया सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।



ग्रामीण क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण

पौआनाला गांव के आदिवासी छात्र को मल्लखंब में देश का प्रतिनिधित्व करने का मिला अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले के ग्रामीण एवं आदिवासी अंचल की खेल प्रतिभाएं अब बड़े मंचों तक पहुंच रही हैं।

पौआनाला निवासी आदिवासी छात्र इस्लोक आदिवासी का आगामी पारंपरिक एवं स्वदेशी खेल आयोजन में मल्लखंब विधा के लिए चयन हुआ है। चयन के बाद इस्लोक अहमदाबाद में आयोजित होने वाले आयोजन में मल्लखंब में भाग लेंगे। उनकी उपलब्धि परिवार, गांव और जिले के लिए गौरव का विषय है।

ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए प्रेरणा:

मल्लखंब में शारीरिक शक्ति, संतुलन, लचीलापन और एकाग्रता का विशेष महत्व है। पौआनाला जैसे ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर BRICS के पारंपरिक एवं स्वदेशी खेल आयोजन तक पहुंचना इस्लोक की मेहनत और प्रतिभा को दर्शाता है। उनके चयन से क्षेत्र के युवाओं में उत्साह है। यह उपलब्धि इस बात का उदाहरण है कि उचित प्रशिक्षण और अवसर मिलने पर ग्रामीण एवं आदिवासी अंचल की प्रतिभाएं भी बड़े खेल मंचों तक पहुंच सकती हैं।

पालन सेवा फाउंडेशन से मिला प्रशिक्षण

इस्लोक आदिवासी की खेल यात्रा में पालन सेवा फाउंडेशन के पराग अग्रवाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पराग ने ग्रामीण एवं आदिवासी बच्चों को पारंपरिक खेलों से जोड़ने और प्रशिक्षण के अवसर उपलब्ध कराने की पहल की। इसी दौरान इस्लोक को मल्लखंब से परिचय हुआ। नियमित अभ्यास, अनुशासन और मेहनत के दम पर उन्होंने इस खेल में अपनी प्रतिभा विकसित की और आगे बढ़ने का अवसर हासिल किया।



मीना उमरिया-बनारसी मार्ग पर जुआ फड़ पर दबिश, 5 जुआरी पकड़े

विदिशा। आनंदपुर पुलिस ने ग्राम मीना उमरिया से बनारसी जाने वाले मार्ग पर जुआ फड़ पर दबिश देकर 5 जुआरियों को पकड़ा। पुलिस ने मौके से 14,500 रुपए नकद, 52 ताश के पत्ते और तीन मोटरसाइकिल जब्त की हैं। जब्त मशरूका की कुल कीमत करीब 2.34 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि रास्ते पर कुछ लोग रुपए की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर बलबीर राजपूत, रामसेवक मीना, जीवन धाकड़, भूरा राजपूत और रघुवीर बंजारा को पकड़ा। पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5821
सरसों
न्यूनतम भाव-6050
उच्चतम भाव-7700
चना
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6562
मसूर
न्यूनतम भाव-4660
उच्चतम भाव-6481
शरबती
न्यूनतम भाव-3360
उच्चतम भाव-3360
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2431
उच्चतम भाव-3050
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2584
उच्चतम भाव-2584
बटरी
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3200
मूंग
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-6800
उड़द
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-7570
मक्का
न्यूनतम भाव-1830
उच्चतम भाव-1830
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-3400

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 3034 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

अथाह जल के बीच, तन्हा खड़ा एक खजूर का पेड़...



गंजबासौदा। नगर से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित त्योंदा का प्रसिद्ध बघरू डैम इन दिनों पानी से लबालब है। लगातार हुई बारिश के बाद डैम लगभग पूरा भर चुका है और इसका मनोरम दृश्य देखते ही बन रहा है। अथाह जलराशि के बीच अकेला खड़ा खजूर का पेड़ इस नजारे को और भी आकर्षक बना रहा है। चारों ओर फैली विशाल जलराशि और शांत लहरें सुकून का एहसास करा रही हैं। यह डैम न केवल सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य के कारण सैलानियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। फोटो - राजा छारी

ग्राम साहबा में चार जगह बिक रही अवैध शराब, महिलाओं ने की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

उदयपुर क्षेत्र के ग्राम साहबा के दर्जनों ग्रामीणों और विशेषकर महिलाओं ने मंगलवार को तहसील पहुंचकर अपने गांव में अवैध शराब विक्रय और उससे हो रही परेशानियों की शिकायत की। इन ग्रामीणों ने प्रशासन को अवैध शराब विक्रेताओं के नाम बताते हुए उन पर कार्रवाई करने और गांव में अवैध शराब विक्रय रोकने की मांग की। ग्रामीणों द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम साहबा में करीब 4 स्थानों पर अवैध शराब विक्रय किया जा रहा है। जिससे कई परिवार बर्बाद हो रहे हैं। छोटे बच्चों से लेकर बडों तक में शराब के कारण विपरीत प्रभाव पड रहा है। आए दिन गांव में झगडे और विवाद हो रहे हैं, जिससे शांति भंग होने और किसी संगीन घटना की आशंका बनी हुई है। इसलिए गांव में अवैध शराब विक्रय को पूरी तरह बंद किया जाए और अवैध शराब विक्रय में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए। जिससे गांव में शांति व्यवस्था कायम रहे। इस अवसर पर गुड्डीबाई, शैतान सिंह, राजा राम, गबू, अजब सिंह, उमेश, वीरसिंह, गुलाब, केराबाई, संजू सहित बडी संख्या में महिलाएं और पुरूष मौजूद थे।

पैदल मार्च निकालकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

यूजीसी 2026 के विरोध में सड़क पर उतरा नगर का सर्वसमाज





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

मंगलवार को नगर एवं क्षेत्र की सभी समाजों के प्रतिनिधियों ने सडक पर उतरकर यूजीसी अधिनियम का पुरजोर विरोध किया। इस विरोध प्रदर्शन में महिलाओं की भी उल्लेखनीय उपस्थित रही। शीतला शक्तिधाम से पैदल मार्च के रूप में निकली लोगों की भीड ने तहसील पहुंचकर एसडीएम अनुभा जैन को महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

यहां उल्लेखनीय है कि यूजीसी के विरोध को लेकर पूर्व से ही जनजागरण किया जा रहा था। जिसके बाद मंगलवार को दोपहर में सभी समाजों के प्रतिनिधि, मातृशक्ति, विद्यार्थी, युवा आदि शीतला शक्तिधाम पर एकत्रित हुए और वहां से हाथों में तख्तियां लेकर पैदल मार्च निकाला। इन तख्तियों पर यूजीसी रोल बैक के नारे लिखे हुए थे और नागरिक भी माइक से इस अधिनियम के विरोध में नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। रैली के तहसील परिसर में पहुंचने पर सभी लोग मंच के समक्ष एकत्रित हुए और वहां एसडीएम अनुभा जैन को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में उच्च शिक्षा में समानता, सामाजिक समरसता और निष्पक्ष न्याय की मांग करते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के 'Equity Regulations 2026' पर व्यापक राष्ट्रीय विमर्श और पुनर्विचार करने का आग्रह किया गया है। संघ के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन के माध्यम से स्पष्ट किया कि भारत की वास्तविक शक्ति उसकी सामाजिक समरसता और विविधता में है। उच्च शिक्षा संस्थान देश की युवा पीढ़ी के भविष्य और बौद्धिक चेतना का निर्माण करते हैं, इसलिए शिक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जो विद्यार्थियों को जोड़ने का काम करे, न कि उन्हें जातीय या सामाजिक आधार पर बांटे। ज्ञापन में UGC के 2026 के नए नियमों को अस्पष्ट और एक तरफा बताते हुए उन पर विचार करने और अधिनियम में संशोधन कर सभी वर्गों के हित को ध्यान में रखकर नए सिरे से अधिनियम को बनाने की मांग की गई।

ज्ञापन में रखीं प्रमुख मांगे

गंजबासौदा। सर्व समाज द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि नए अधिनियम में किसी भी शिकायत पर तुरंत दोषसिद्ध न माना जाए। आरोपित व्यक्ति को अपना पक्ष रखने, साक्ष्य प्रस्तुत करने और अपील का पूरा अवसर दिया जाना चाहिए। जांच प्रक्रिया लिखित, पारदर्शी और निश्चित समय सीमा के भीतर होनी चाहिए। दुर्भावनापूर्ण या रंजिशवश की गई झूठी शिकायतों से निर्दोष विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कड़े प्रावधान हों। झूठी शिकायत दर्ज कराने वालों के विरुद्ध भी सख्त कानूनी कार्रवाई की व्यवस्था की जाए। किसी भी व्यक्ति की जातीय पहचान के आधार पर भेदभाव या कानून का दुरुपयोग न हो। न्याय की कसौटी प्रत्येक विद्यार्थी के लिए समान होनी चाहिए। उच्च शिक्षा क्षेत्र में ऐसा संतुलित मॉडल विकसित किया जाए जिसमें समानता, सामाजिक न्याय, प्राकृतिक न्याय, योग्यता और सामाजिक समरसता का बेहतर संतुलन बना रहे। साथ ही आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति और कोचिंग सुविधाओं को बढ़ाने की मांग की गई। संघ ने ध्यान दिलाया कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी UGC Regulations 2026 के क्रियान्वयन पर रोक लगाते हुए वर्ष 2012 के नियमों को जारी रखने के निर्देश दिए हैं और केंद्र सरकार ने भी इस पर पुनर्विचार की बात कही है। अतः सरकार को सभी राज्यों और हितधारकों के साथ मिलकर इस विषय पर व्यापक राष्ट्रीय संवाद आयोजित करना चाहिए तथा देश स्तर पर सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित की जानी चाहिए। संघ के पदाधिकारियों ने कहा, हमारा उद्देश्य किसी भी वर्ग या समुदाय के अधिकारों का विरोध करना नहीं है, बल्कि हम समानता, न्याय और योग्यता के पक्षधर हैं। न्याय ऐसा होना चाहिए जो दिखाई भी दे और महसूस भी हो तथा शिक्षा ऐसी हो जो समाज को जोड़े, तोड़े नहीं। ज्ञापन विदिशा से आए महाराणा प्रताप राजपूत विकास समिति के अध्यक्ष, ब्राह्मण दल, ब्राह्मण समाज, सिंधी समाज, राजपूत समाज के आस पास क्षेत्र से आए राजपूत सरदार, गुप्ता समाज, कायस्थ समाज, दांगी समाज, अरोरा समाज, रघुवंशी समाज, जैन समाज सहित समस्त समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

नवांकुर के विद्यार्थियों ने पेश की गौ सेवा की मिसाल, अस्पताल पहुंचाकर कराया उपचार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नवांकुर विद्यालय के तीन विद्यार्थियों लक्ष्य रघुवंशी, लकी कुशवाह और रोहित रघुवंशी ने घायल गौ की सहायता कर सराहनीय कार्य किया। मंशापूरण हनुमान मंदिर के पास एक घायल गौ को देखकर तीनों विद्यार्थियों ने गाय को सुरक्षित रूप से पशु अस्पताल पहुँचाया तथा उसके प्रारंभिक उपचार में सहयोग किया। साथ ही गौ सेवक लालू महाराज को सूचना देकर मौके पर बुलाया और गाय के लिए आवश्यक सहायता एवं देखभाल की व्यवस्था कराई। विद्यार्थियों की इस पहल में उन्होंने यह संदेश दिया कि किसी मूक प्राणी की पीड़ा को समझकर उसकी सहायता करना भी सच्ची मानवता है। विद्यालय परिवार ने तीनों विद्यार्थियों के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार इंसान बनना भी है। लक्ष्य रघुवंशी, लकी कुशवाह और रोहित रघुवंशी की यह पहल अन्य विद्यार्थियों और समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संदीप रावत, वरिष्ठ अध्यापक केशव लाहौरी, पहलवान सिंह राजपूत, शंभू सिंह रघुवंशी, दीपक शर्मा सहित संपूर्ण विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के पुनीत कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। विद्यालय परिवार द्वारा लक्ष्य, लकी और रोहित को सम्मानित भी किया गया।

कालिदास समारोह में लहराया परचम

गंजबासौदा। विकासखंड स्तरीय कालिदास समारोह का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में गरिमापूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। समारोह में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने चित्रकला एवं श्लोक गायन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में उपासना जाट, नवांकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कनिष्ठ वर्ग में हर्षित अंबेडकर, डॉल्फिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार श्लोक गायन प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में कु प्रकांशा राजपूत, सांदीपनि विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में नितिन पाठक, संत जगन्नाथ संस्कृत विद्यालय ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में भूपेंद्र सेन, वंदना भार्गव, स्वप्ना डे एवं चंद्रम जायसवाल ने दायित्व निभाया। कार्यक्रम में प्राचार्य एमसी शर्मा, प्रदीप चौरसिया, समीक्षा जैन, शिल्पाजना शर्मा, भारती पंथी, शिवा सिंह राजपूत, प्रशांत श्रीवास्तव सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ओझा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विजेता विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। कालिदास समारोह के माध्यम से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, साहित्य, कला एवं संस्कृत भाषा के प्रति रुचि विकसित करने का संदेश दिया गया।

खबर संक्षेप

राठौर महासभा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



गंजबासौदा। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में अखिल भारतीय क्षत्रिय राठौर महासभा का राष्ट्रीय शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह में महासभा के नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने समाज सेवा, संगठन की मजबूती और सामाजिक उत्थान के प्रति निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने की शपथ ली। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रतन सिंह पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष देवीलाल राष्ट्रीय अध्यक्ष रामविलास राठौर, राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र भदौरिया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सीमा संजय राठौर, सर्वोच्च समिति सदस्य पवन राठौर पार्षद मनोज राठौर सहित महासभा के विभिन्न पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। समारोह में नगर के बृजेश राठौर ने महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। इस मौके पर शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी।

कथा के पितृ व्याख्यान में केशव गुरू ने कहा...

भागवत ज्ञान गंगा में धुल जाते हैं प्राणियों के पाप



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

वार्ड क्रमांक 17, 18 में भागवत कथा के द्वितीय दिवस पितृ व्याख्यान करते हुए केशव गुरु जी ने बताया वेदों में अनेक प्रकार के यज्ञ का वर्णन है। इसमें एक पितृ यज्ञ भी है जिसका दूसरा नाम श्राद्ध है। पितृ यज्ञ श्रद्धा शब्द का वाक्य अर्थ है इसका अर्थ है माता-पिता, परिजनों की मृत्यु के बाद उनकी तृप्ति के लिए श्रद्धा पूर्वक जो तर्पण एवं ब्राह्मण भोज करवाया जाता है इसको पितृ यज्ञ कहते हैं। ब्रह्म पुराण में वर्णन है श्रद्धा एवं विश्वास पूर्वक किए हुए श्राद्ध में पिंडो पर पानी की नन्ही सी बूंदें पशु पक्षी की योनि में पड़े सब प्रकार के पितरों का पोषण करती हैं। अतः पितृ यज्ञ पितृ पक्ष में अवश्य ही करना चाहिए। शास्त्र में श्राद्धों के अनेक प्रकार वर्णन वर्णित है।

नित्य काम में तीन प्रकार के श्राद्ध मुख्य हैं नित्य श्राद्ध उसको कहा जाता है गायत्री संध्या के पश्चात जो तर्पण है उसको श्रद्धा कहा जाता है इसी प्रकार नियमित श्राद्ध में किसी निमित्त के लिए हमारे घर में महामृत्युंजय जाप अथवा अन्य जाप होते हैं इन जाप के दशांश का तर्पण नियमित श्राद्ध रहता है काम्य श्राद्ध के अंतर्गत पुत्र जन्म विवाह आदि में जो नांदी श्राद्ध किया जाता है उसे वृद्धि श्राद्ध अथवा काम्य श्राद्ध के नाम से जाना जाता है। आपने कहा संपूर्ण हिंदू दर्शन के कार्य बगैर तर्पण के बगैर श्राद्ध के पूर्ण नहीं माने जाते। अतः पितृ काल में अवश्य श्राद्ध भावपूर्वक पितरों के निमित्त हमें श्राद्ध करना ही चाहिए। भागवत कथा के महत्व के वर्णन में धुंधकारी का वृतांत वर्णन करते हुए आपने बताया कि इसमें तो धुंध्यकारी ने स्वयं कहा है कि धन्य है भागवत कथा जिसने मुझ जैसे पतित प्रेत को भी परम पुनीत बना दिया। अतः भागवत कथा सब प्रकार के पापों को भस्म कर मन को पवित्र करने वाली एक अनूठी व्यथा भागवत में कही गई है। सारे संसार का कीचड़ भागवत कथा में घुल जाता है।

जैसे हम सब भयंकर गर्मी पड़ रही हो लंबी यात्रा करके पसीने से आपका शरीर सराबोर हो गया हो धूल मिट्टी रूपी पापों से शरीर सराबोर हो गया हो लेकिन जैसे ही गंगा मैया में गोता लगाया जाता है गर्मी का, धूल मिट्टी का पता नहीं चलता देह चमकने लगती है। उसी प्रकार से जीव के मन का ताप और मेल दोनों ही भगवती ज्ञान गंगा में गोता लगाने से धुल जाते हैं।

नियम से चलने वाले वाहन चालकों को भेंट किए फूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



यातायात पुलिस ने मंगलवार को बासौदा सिरोंज मार्ग पर गंज के पास विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 वाहन चालकों पर कुल 5500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं सीट बेल्ट एवं हैलमेट लगाकर और नियमानुसार वाहन चलाने वाले चालकों को फूल भेंटकर उनका अभिनंदन भी किया गया। यातायात निरीक्षक एनएस लोधी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दो पहिया और चार पहिया वाहनों की गहनता से जांच की। जो दो पहिया वाहन चालक हेलमेट लगाए हुए एवं चार पहिया वाहन चालक सीटबेल्ट लगाए हुए थे। उन्हे गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों, बिना सीट बेल्ट कार चलाने वालों और जिनके पास गाड़ी के कागजात पूरे नहीं थे, उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही ओवर स्पीड में वाहन चलाने वालों को रोककर यातायात नियमों के प्रति समझाइश दी गई। यातायात निरीक्षक एनएस लोधी ने बताया चैकिंग अभियान के दौरान 11 वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया गया।

नल जल योजना का कार्य पूर्ण

गंजबासौदा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत विकासखंड बासौदा के ग्राम महागौर में 108.91 लाख की लागत से निर्मित एकल ग्राम नलजल योजना का कार्य पूर्ण कर इसे संबंधित ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दिया गया है। योजना के तहत ग्राम के 348 परिवारों को क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। साथ ही 75 KL क्षमता की उच्च स्तरीय टंकी एवं 30 KL क्षमता के सम्पवेल का निर्माण किया गया है। योजना के क्रियान्वयन से ग्रामीणों को घर-घर स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है तथा दूरस्थ जलस्रोतों से पानी लाने में समय एवं श्रम की बचत हुई है। ग्राम पंचायत को योजना का नियमित संचालन करने तथा ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

मेगा रक्तदान शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

त्योंदा तहसील के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत राष्ट्रव्यापी मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साह के साथ भाग लेकर रक्तदान किया और मानव सेवा का संकल्प दोहराया। शिविर में राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं ग्राम के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। इस दौरान तहसीलदार आनंद जैन, पूर्व बीएमओ डॉ प्रमेन्द्र तिवारी, पटवारी शैलेश रघुवंशी, शिक्षक योगेश चतुर्वेदी, बजरंग दल प्रमुख आयुष शर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ. नीलेश गुर्जर, प्रवीण तिवारी सहित कई अधिकारियों व कर्मचारियों ने रक्तदान कर समाज को प्रेरणा दी। बीएमओ डॉ. निलेश गुर्जर ने बताया कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। सेवा पखवाड़ा के तहत इस शिविर का उद्देश्य आमजन में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाना है। तहसीलदार आनंद जैन ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में सहयोग और सेवा की भावना मजबूत होती है।

शिकायतों व जांच के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से सवाल

डेढ़ साल से एक ही अधीक्षिका के भरोसे दो बालिका छात्रावास

नियमों को ताक पर रखकर अधीक्षिका संभाल रहीं कस्तूरबा गांधी और शासकीय बालिका छात्रावास का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर व ग्रामीण क्षेत्र में संचालित दो शासकीय बालिका छात्रावास पिछले करीब डेढ़ साल से एक ही अधीक्षिका के भरोसे संचालित किए जा रहे हैं। शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास मुलगसराय टाइप 3 एवं नेता जी सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास सिरोंज दोनो छात्रावासों की जिम्मेदारी एक ही अधीक्षिका के पास होने से छात्रावासों की व्यवस्थाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि एक अधीक्षिका के लिए दोनों छात्रावासों का नियमित संचालन, निरीक्षण और छात्राओं की देखरेख करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। इसके बावजूद लंबे समय से दोनों छात्रावासों का प्रभार एक ही अधीक्षिका के पास बना हुआ है। बताया जा रहा है कि शासन के नियमानुसार छात्रावास संचालन के लिए प्रत्येक छात्रावास में अधीक्षक अथवा अधीक्षिका की अलग व्यवस्था होना चाहिए, ताकि छात्रावास में रहने वाली छात्राओं की नियमित देखरेख, भोजन व्यवस्था, उपस्थिति, अनुशासन, स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं और अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी सुचारू रूप से हो सके। लेकिन सिरोंज में एक ही अधीक्षिका द्वारा दो अलग-अलग छात्रावासों का संचालन किए जाने से नियमों के पालन को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

दो अलग विभागों के अधीन संचालित हैं छात्रावास

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों छात्रावास अलग-अलग प्रशासनिक व्यवस्थाओं के अंतर्गत संचालित होते हैं। शासकीय कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास मुलगसराय टाइप 3 जिला शिक्षा अधिकारी विदिशा के अंतर्गत संचालित बताया जा रहा है, जबकि दूसरा नेता जी सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास सिरोंज डीपीसी के अंतर्गत संचालित होता है। इसके बावजूद दोनों संस्थानों की जिम्मेदारी लंबे समय से एक ही अधीक्षिका को दिए जाने को लेकर विभागीय व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब दोनों छात्रावास अलग-अलग विभागीय अधिकारियों के अधीन हैं तो फिर एक ही व्यक्ति को दोनों की जिम्मेदारी किस आधार पर दी गई है, इसकी भी जांच होना चाहिए। वहीं दोनों छात्रावासों के बीच दूरी होने के कारण अधीक्षिका के लिए दोनों स्थानों पर नियमित रूप से उपलब्ध रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करना भी चुनौतीपूर्ण है।



अनियमितताओं के आरोप फिर भी कार्रवाई नहीं

स्थानीय स्तर पर उक्त अधीक्षिका के खिलाफ पूर्व में कई शिकायतें होने की बात सामने आ रही है। शिकायतों के आधार पर जांच भी कराई गई। ग्रामीणों और शिकायतकर्ताओं का दावा है कि जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आई थीं। तत्कालीन एसडीएम द्वारा कराई गई जांच में भी अनियमितताएं मिलने की बात कही जा रही है। इसके बावजूद संबंधित अधीक्षिका के खिलाफ अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से शिकायतकर्ताओं में नाराजगी है। बताया जाता है कि हाल ही में बीआरसी स्तर से भी छात्रावास की व्यवस्थाओं से संबंधित जांच की गई थी। इस दौरान अधीक्षिका द्वारा कथित रूप से बीआरसी अधिकारी की जांच के अधिकार पर ही सवाल उठाए जाने की बात सामने आई है। यदि यह बात सही है तो यह अपने आप में गंभीर विषय है कि विभागीय जांच के दौरान अधिकारी और अधीक्षिका के बीच अधिकार क्षेत्र को लेकर विवाद की स्थिति क्यों बनी।

पति तहसील कार्यालय में बाबू, कार्रवाई नहीं होने की चर्चा

इधर नगर में यह भी जनचर्चा का विषय बना हुआ है कि संबंधित अधीक्षिका के पति सिरोंज तहसील कार्यालय में बाबू के पद पर पदस्थ हैं। स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि इसी कारण संबंधित अधीक्षिका के खिलाफ शिकायतों और जांचों के बावजूद कार्रवाई नहीं हो पा रही है। हालांकि इस संबंध में किसी अधिकारी की ओर से ऐसी कोई पुष्टि नहीं की गई है। इसलिए इस बिंदु की भी निष्पक्ष जांच आवश्यक है, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके और यदि किसी प्रकार का प्रभाव या हस्तक्षेप है तो उसकी भी स्थिति स्पष्ट हो।

बालिकाओं की व्यवस्था भगवान भरोसे होने का आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि एक ही अधीक्षिका के पास दो छात्रावासों का प्रभार होने के कारण दोनों स्थानों की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं के लिए नियमित निगरानी और तत्काल आवश्यकता के समय जिम्मेदार अधिकारी की उपलब्धता महत्वपूर्ण है। ऐसे में यदि अधीक्षिका एक समय में दूसरे छात्रावास में मौजूद हैं तो दूसरे छात्रावास की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी किसके पास रहती है, यह भी स्पष्ट होना चाहिए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यदि छात्रावास की व्यवस्थाओं की निष्पक्ष और गहन जांच की जाए तो बालिकाओं को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, मात्रा, मेन्यू सामग्री की खरीदी और वितरण सहित अन्य व्यवस्थाओं में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से दोनों छात्रावासों का मौतिक निरीक्षण कर रिकॉर्ड और मौके की व्यवस्थाओं का मिलान कराने की मांग की है।

डेढ़ वर्ष से चली आ रही व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

सबसे बड़ा सवाल यही है कि यदि एक ही अधीक्षिका द्वारा दो छात्रावासों का संचालन नियमों के अनुरूप नहीं है तो पिछले करीब डेढ़ वर्ष से यह व्यवस्था किसके आदेश पर चल रही है। यदि शासन स्तर पर दोनों छात्रावासों के लिए अलग-अलग अधीक्षक/अधीक्षिका की व्यवस्था निर्धारित है तो विभाग ने अब तक वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की। वहीं यदि दोनों छात्रावासों का अतिरिक्त प्रभार किसी आदेश के तहत दिया गया है तो उस आदेश और उसकी अवधि को भी सार्वजनिक किया जाना चाहिए। मामले को लेकर अब स्थानीय लोगों ने वरिष्ठ अधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने, दोनों छात्रावासों की व्यवस्थाओं का अलग-अलग निरीक्षण करने तथा शिकायतों एवं पूर्व जांच रिपोर्ट के आधार पर जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। साथ ही छात्रावासों में रह रही बालिकाओं की सुरक्षा, भोजन एवं मूलभूत सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग भी की गई है।

इनका कहना है...

उक्त मामले की जांच की जाएगी और वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिवेदन भेजा जाएगा। वरिष्ठ कार्यालय से निर्देश प्राप्त होते ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
प्रतीक मेहरा, बीईओ सिरोंज।

वाहनों की चपेट में आ रहे मवेशी

आवारा मवेशियों का फोर लेन 45 सहित मुख्य सड़कों पर जमावड़ा



छुट्टा मवेशियों से फसलों को नुकसान, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

जब से नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्र में कांजी हाउस व्यवस्था बंद हुई पशु पालक निर्भय होकर दूध न देने वाली मवेशी को छुट्टा आवारा छोड़ रहे हैं। किसानों एवं वाहन चालकों के समक्ष मवेशी सबसे बड़ी समस्या बन रही है। कृषि और पशु प्रधान क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में गौशालाओं की भारी कमी और पशुओं की गौशालाओं में कम क्षमता से फोरलेन 45 क्षेत्र की प्रमुख सड़कों और नगर में स्थान स्थान पर आवारा मवेशियों के झुंड अड्डे बने नजर आ रहे हैं।

स्वयं के साथ अन्यों को भी खतरा

फोरलेन 45 पर बाड़ी से बरेली भोढ़िया खरगोन उदयपुरा देवरी तक स्थान स्थान पर दिन रात बने रहने वाली मवेशियों के झुंड आवागमन में बाधा और वाहनों की चपेट में आने से घायल और मौत हो रही है। सैकड़ो मवेशियों की मौत होने के बाद भी मवेशियों को फोरलेन 45 से हटाने के ठोस प्रयास दिखलाई नहीं दे रहे हैं। वाहनों का संतुलन बिगड़ने से घायल और मौत होने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है।

गौशालाओं की भारी कमी

मुख्य सड़कों के किनारो वाली ग्राम पंचायत एवं नगर में गौशालाओं की भारी कमी बनी हुई है। पशुपालकों द्वारा छोड़ी गई मवेशी खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान करती है जिससे किसानों को फसल रक्षा के लिए दिन-रात परिश्रम करना पड़ रहा है। जिन स्थानों पर गोशालाएं बनी उनकी क्षमता कम और संचालन में लापरवाही से दूध न देने वाली गाय अपने बछड़ों के साथ सड़कों पर डेरा जमाए दिखलाई दे रही है। सड़कों के किनारो वाली ग्राम पंचायत में प्राथमिकता से गौशालाओं का निर्माण होने से एवं गौ अभ्यारण बनाए जाने से कुछ हद तक समस्या का समाधान हो सकता है।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बने रश्मिकांत श्रीवास्तव

कर्मचारी की शासन के प्रति निष्ठा होना चाहिए: विधायक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कोई भी कर्मचारी छोटा नहीं होता। आप सभी विद्वान हैं और विद्वान की सर्वत्र पूजा होती है, कर्मचारी कर्मयोगी होता है। कर्मचारी की निष्ठा और समर्पण शासन के प्रति होना चाहिए। सरकार किसी भी दल की हो, उसकी जनहितकारी योजनाओं को अंतिम उपभोक्ता तक पहुंचाने का कार्य कर्मचारियों का है। योजनाओं के क्रियान्वयन में नियत भी अच्छी होना चाहिए।

यह बात विधायक उमाकांत शर्मा ने लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ की जिला बैठक को संबोधित करते हुए कही। विधायक श्री शर्मा ने कहा कि हमें आतंकवाद के साथ-साथ राष्ट्र को विभाजित करने वाली ताकतों से भी टकराना है। इसलिए कर्मचारियों में जाति-पांति का भेद नहीं होना चाहिए हम सभी भारत के नागरिक हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारी यदि विदुर जैसे होंगे तो पांडवों की रक्षा भी होगी। उन्होंने कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं के निराकरण का आश्वासन देते हुए कहा कि जो भी मांग उनके संज्ञान में लाई जाएगी, उसे नियमानुसार निराकृत कराने का प्रयास किया जाएगा।




सर्वसम्मति से रश्मिकांत श्रीवास्तव बने जिलाध्यक्ष : जिला बैठक के दूसरे सत्र में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के नए जिलाध्यक्ष के रूप में प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव की सर्वसम्मति से घोषणा की गई। जिले की विभिन्न तहसील एवं विकासखंड कार्यकारिणियों ने ध्वनिमत से उनके नाम का समर्थन किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, वीरेंद्र यादव, शंभूदयाल विश्वकर्मा, संतोष शर्मा, ऋषि द्विवेदी, मनोज शर्मा, विनोद शाक्य, राजेश पाठक, जितेंद्र मिश्रा, चंद्रमोहन शर्मा, मुन्नालाल अहिरवार सहित जिले की विभिन्न तहसील एवं विकासखंडों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संगठन को पीपल और बरगद की तरह मजबूत बनाएं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला प्रभारी डॉ. अनिल भार्गव ने पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा की कार्यशैली का उल्लेख करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा को विकास पुरुष एवं समरसता की मिसाल बताया। उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों से कहा कि शीशम और यूकेलिप्टस बनोगे तो काटे जाओगे, इसलिए हमेशा पीपल और बरगद की विशालता धारण कर संगठन को मजबूती प्रदान करते रहें। बैठक को संभाग अध्यक्ष परसराम दुबे एवं जिलाध्यक्ष भगत सिंह राजावत ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, भगवान विश्वकर्मा एवं दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। सिरोंज की टोली ने अतिथियों का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पहारों से स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट किए। संगठन गीत ललित चौरसिया ने प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश रघुवंशी ने दिया। संचालन जिला सचिव जगदीश श्रीवास्तव ने किया। आभार जिला संगठन मंत्री नीलेश तिवारी ने माना। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अनिल भार्गव ने विधायक उमाकांत शर्मा एवं संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी महेश सेन को शिव महापुराण भेंट की।

पवन जैन के निधन पर सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में शोक की लहर



सिरोंज। पं. बागमल जैन एवं वरिष्ठ अनिल जैन के भाई तथा आयुष जैन के पिता पवन जैन फोटो स्टूडियो वालों का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही नगर के सामाजिक, धार्मिक एवं विभिन्न वर्गों में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में समाजजनों, परिचितों एवं शुभचिंतकों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। पवन जैन लंबे समय से सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों से जुड़े रहे। वे धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सामाजिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता करने तथा सामाजिक कार्यों में सहयोग देने के लिए भी वे सदैव तत्पर रहते थे। उनके सरल,सहज एवं मिलनसार व्यवहार के कारण नगर में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई थी। विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों में उनकी सक्रिय भागीदारी हमेशा देखने को मिलती रही। ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं अधिमान्य पत्रकार म.प्र. शासन एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने पवन जैन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पवन जैन सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में सदैव आगे रहते थे। समाजसेवा के क्षेत्र में उन्होंने उत्कृष्ट कार्य किए और जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनका आकस्मिक निधन परिवार के साथ-साथ समाज के लिए भी अपूरणीय क्षति है। एड. श्री सैनानी ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।



देवलिया मंडपम में श्रीमद भागवत कथा का तीसरा दिन,गूंजे शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग

रहली। नगर के देवलिया मंडपम में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन मंगलवार को धर्म एवं भक्ति की बयार बही। कथा व्यास पूज्य आशीर्वाद महाराज ने कथा के दौरान शिव-सती विवाह, दक्ष प्रजापति के यज्ञ का ध्वंस और भगवान शिव तथा माता पार्वती के शुभ विवाह के पावन प्रसंगों का सजीव एवं ओजस्वी वर्णन किया। कथा में प्रस्तुत संगीतमय भजनों की धुनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे और संपूर्ण माहौल भक्तिमय हो गया। इस पावन अवसर पर देवरी विधायक ब्रजबिहारी पटेरिया, रहली नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी तथा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुशील हजारी ने कथा स्थल पहुँचकर व्यास पीठ का विधिवत पूजन-अर्चन किया और कथा व्यास आशीर्वाद महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में यज्ञाचार्य पंडित अमित मिश्रा, कथा के मुख्य यजमान गुड्डू बाबू सपरिवार, पार्षद राजेंद्र ठाकुर, प्रियेश पटेरिया सहित गणमान्य जन प्रमोद सराफ, सरपंच मिंटू ठाकुर चौरा, महूना से उमेश मिश्रा, गुड्डन मासाब, विक्रम ठाकुर, मस्तु खान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और सैकड़ों की संख्या में धर्मप्रेमी श्रोता मौजूद रहे। आयोजक गुड्डू श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार, 30 सितंबर को कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण के भव्य जन्म की कथा व्यास जी महाराज द्वारा सुनाई जाएगी। तथा कथा स्थल पर हर्षोल्लास के साथ श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी मिलन 2026 का आयोजन

खुरई। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगनबाड़ी मिलन 2026 का आयोजन खुरई के आठ वार्डों - बिहारी जी वार्ड, रानी दुर्गावती वार्ड, शास्त्री वार्ड, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड, संत रविदास वार्ड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, नेहरू वार्ड एवं कबीर वार्ड में किया गया। रानी दुर्गावती वार्ड के आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष नन्नी बाई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में भाजपा नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद मोना सिंघई मौजूद रहे।

क्षेत्र में बारिश की कमी: नदी नालों में जलाभाव, बरगी डैम के खुले गेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नर्मदा क्षेत्र में इस वर्ष औसत से आधी भी बारिश न होने का असर दिखलाई दे रहा है। पिछले दिनों बरगी डैम के गेट खोले जाने से क्षेत्र के दो नर्मदा पुलों की ऊपरी दीवार से पानी टकराने बेताब बना रहा। कम बारिश के कारण क्षेत्र के नदी नालों में जलाभाव की स्थिति चिंता का कारण बन रही है। क्षेत्र में कम बारिश और नर्मदा पर बने बोरास पुल एवं मांगरोल पुल में बाढ़ का पानी टकराने की अजीब स्थिति का नजारा देखने बना रहा।

क्वार का महीना चल रहा है सितंबर माह समाप्त हो रहा है। बारिश की विदाई हो रही है। क्षेत्र में औसत से आधी बारिश किसानों एवं क्षेत्र के निवासियों में चिंता का कारण बन रही है। नवरात्रि के दौरान या बाद में रवि फसलों की वोवनी शुरू हो जाती है और सबसे अधिक बारिश का असर जमीन में पानी और नमी की कमी के रूप में भी दिखलाई दे रहा है। बरेली तहसील में अभी तक लगभग 700 मिमी ही बारिश दर्ज हुई है। बाड़ी स्थित वारना बांध के जल ग्रहण क्षेत्र सुल्तानपुर एवं गोहरगंज तहसीलों में भी कम बारिश के कारण अभी तक वारना बांध अपनी पूर्ण जल भराव क्षमता से लगभग डेढ़ मीटर खाली बना हुआ है।



कैसे पकेगी धान

अभी धान की फसलों में बालिया निकलना शुरू हुआ है बारिश विदा होने की स्थिति है। धान की फसल पकने कटाई में डेढ़ से दो माह का समय लगेगा। तेज धूप निकल रही है ट्यूबबैलों से धान के खेतों में भरा पानी तेजी से सूख रहा है। बारिश पानी की कमी धान के पकने में बाधा और धान का उत्पादन कम होने की संभावना से किसान चिंता ग्रस्त बने हुए हैं।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री उर्मिला रघुवंशी पत्नि श्री तोरणसिंह रघुवंशी निवासी ग्राम सिलवाया खजूरी तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा म.प्र. से लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें उनके द्वारा स्वयं के आधिपत्य का मकान / प्लॉट जो कस्बा स्वरूपनगर तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र. आराजी क्र. 475/2, एरिया 1000 वर्गफिट जिसकी चतुर्सीमाएं उत्तर में रोड़ दक्षिण में प्रहलाद राव पूर्व में बैरसिया वाले पश्चिम में आटासेमर वाले महाराज है। उक्त संपत्ति श्रीमति उर्मिला रघुवंशी पत्नि श्री तोरणसिंह रघुवंशी द्वारा पूर्व स्वामी श्रीमति गीता बाई यादव पत्नि श्री हरलाल यादव निवासी कबूलपुर तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र. से क्रय की गई थी जिसका विक्रय पत्र क्रमांक 256 ग्रंथ क्रमांक 2775 है जिसकी दिनांक 29-04-2010 है यह कि उक्त संपत्ति के पूर्व स्वामी श्रीमति गीता बाई यादव पत्नि श्री हरलाल यादव द्वारा पूर्व विक्रेता श्रीमति ताराबाई पत्नि स्व. श्री राजाराम निवासी गंजबासौदा तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र. द्वारा मुख्तारआम श्री अनंतराव पुत्र श्री माधवराव देसाई निवासी गंजबासौदा तहसील गंजबासौदा जिला विदिशा म.प्र. जिसका विक्रय पत्र कमांक 256 एवं दिनांक 04-05-2000 है उक्त संपत्ति के वर्तमान स्वामी उर्मिला रघुवंशी पत्नि श्री तोरणसिंह रघुवंशी है उनके द्वारा लोन प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त संपत्ति की लिंकडीड कहीं खो गई है यदि उक्त लिंकडीड या उक्त मकान पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो या किसी के पास उक्त संपत्ति बंधक आदि रखी गई हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित प्रथमतल, जिला सत्र न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक के उपर, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा, म.प्र. में आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय **आशीष श्रीवास्तव** एडवोकेट
प्रथमतल, जिला सत्र न्यायालय के सामने इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक के उपर, नेशनल इंश्योरेंस के पास, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा म.प्र.

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति संध्या विश्वकर्मा पत्नि श्री कमलकिशोर विश्वकर्मा निवासी वार्ड नं. 01, टेकापार कॉलोनी तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. द्वारा मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा म.प्र. से लोन प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें उनके द्वारा स्वयं के आधिपत्य का मकान/प्लॉट जो कस्बा धनगवां तहसील गैरतगंज जिला रायसेन म.प्र. आराजी क्र. 39/1/1/2, एरिया 800 वर्गफिट जिसकी चतुर्सीमाएं उत्तर में प्लॉट नं. 149 दक्षिण में प्लॉट नं. 147 पूर्व में रोड़ 20 फीट पश्चिम में प्लॉट नं. 165 है। उक्त संपत्ति श्रीमति संध्या विश्वकर्मा पत्नि श्री कमलकिशोर विश्वकर्मा द्वारा पूर्व स्वामी मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लिमिटेड से क्रय की गई थी जिसका ई-विक्रय पत्र क्रमांक MP299912025A1139508 दिनांक 03-03-2025 है उक्त संपत्ति के वर्तमान स्वामी श्रीमति संध्या विश्वकर्मा पत्नि श्री कमलकिशोर विश्वकर्मा है उनके द्वारा लोन प्राप्त करने हेतु मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड शाखा विदिशा में आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं उक्त संपत्ति पर किसी व्यक्ति या संस्था का किसी प्रकार का हक या आपत्ति हो या किसी के पास उक्त संपत्ति बंधक आदि रखी गई हो तो वह उक्त सूचना प्रकाशन के सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय स्थित प्रथमतल, जिला सत्र न्यायालय के सामने, इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक के उपर, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा म.प्र. में आकर आपत्ति दर्ज करायें ऐसा ना करने की दशा मैं मेरा पक्षकार कम्पनी उक्त संम्पत्ति पर लोन प्रदान करने अग्रसर होगी समयावधि के बाद किसी प्रकार की दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

भवदीय **आशीष श्रीवास्तव** एडवोकेट
प्रथमतल, जिला सत्र न्यायालय के सामने इक्वाटास स्मॉल फायनेंस बैंक के उपर, नेशनल इंश्योरेंस के पास, राजीवनगर, विदिशा, जिला विदिशा म.प्र.

विश्व हृदय दिवस : स्वस्थ हृदय के लिए स्वस्थ जीवनशैली जरूरी: डॉ. हेमंत

बरेली। हर वर्ष 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को हृदय रोगों के प्रति जागरूक करने के साथ स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. हेमंत यादव ने कहा कि स्वस्थ हृदय के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, तनाव नियंत्रण और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है।

सावधानी जरूरी: डॉ. यादव ने बताया कि हृदय रोग अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं हैं। बदलती जीवनशैली, शारीरिक निष्क्रियता, तनाव, धूम्रपान एवं तंबाकू का सेवन, अस्वास्थ्यकर खान-पान, मोटापा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल हृदय रोग के प्रमुख जोखिम कारक हैं। उन्होंने लोगों से प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट शारीरिक गतिविधि या व्यायाम करने तथा भोजन में नमक, चीनी और अत्यधिक तेल का सेवन कम करने की अपील की।




फल, सब्जियां, साबुत अनाज और संतुलित आहार को प्राथमिकता देने के साथ पर्याप्त नींद और तनाव को नियंत्रित रखने पर भी जोर दिया। ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्रॉल की नियमित जांच कराना आवश्यक है। जिन लोगों के परिवार में हृदय रोग का इतिहास रहा है, उन्हें विशेष रूप से नियमित स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए। विश्व हृदय दिवस पर चिकित्सकों की भूमिका केवल मरीजों के उपचार तक सीमित नहीं रहती, बल्कि वे समाज में हृदय रोगों की रोकथाम और जागरूकता के महत्वपूर्ण माध्यम भी बनते हैं। परामर्श के माध्यम से हृदय रोगों के जोखिम कारणों की जानकारी देते हैं।

क्षेत्र में पैदा होने वाली धान को मिले जी-आई टैग तो किसानों को होगा लाभ

पूषा बासमती धान का प्रतिवर्ष लाखों कुंटल हो रहा उत्पादन

बरेली। पिछले दो दशकों से क्षेत्र में पैदा होने वाली पूसा बासमती धान से निकलने वाले चावल की महक और खुशबू स्वाद देश-विदेश में ख्याति प्राप्त कर रहा है। बासमती धान का बाड़ी बरेली क्षेत्र में लाखों कुंटल प्रतिवर्ष उत्पादन हो रहा है। बासमती धान का कोई समर्थन मूल्य नहीं होता। चावल निकालने वाली बड़ी-बड़ी कंपनियों और बड़े बाहरी व्यापारियों के हाथों में सीजन के दौरान मूल्य खरीदी भुगतान निर्भर रहता है। दशकों से क्षेत्र में पैदा होने वाली पूसा बासमती धान को जी आई टैग मिले जिससे किसानों को अपनी पैदा की गई धान की पहचान और उचित मूलय मिले मांग बनी हुई है।



व्यापक स्तर पर धान की खेती -वारना बांध के सिंचित क्षेत्र बरेली बाड़ी सीहोर जिले की बुधनी तहसील के बकतरा क्षेत्र में हजारों किसानों द्वारा खरीफ सीजन में मुख्य रूप से बासमती धान की खेती कर धान का लाखों कुंटल उत्पादन कर देश प्रदेश के चावल भंडार को भरा जा रहा है। क्षेत्र में पैदा होने वाली धान से निकलने वाले चावल का स्वाद पौष्टिकता खुशबू महक से भारी मांग बनी रहती है। किसानों द्वारा 10 से 15 कुंटल प्रति एकड़ धान का उत्पादन किया जाता है जबकि प्रति एकड़ लागत भी 35 से 40 हजार प्रति एकड़ होती है। धान के विक्रय के समय व्यापारियों दलालों की भूमिका और उनके भरोसे ही बासमती धान का व्यापार होता है। क्षेत्र में पैदा हुई अधिकांश धान बाहर के व्यापारी खरीद कर ले जाते हैं। किसानों को धान का उचित मूल्य लाभ न मिलने के कारण ही वर्षों से जी आई टैग की मांग जोर पकड़ रही है।

जिला पंचायत उपचुनाव : कलेक्टर-एसपी ने बूथों पर पहुंचकर देखी व्यवस्था

जिला पंचायत सदस्य मेहगांव उपचुनाव में 41.85 प्रतिशत मतदान, कन्हवार में सरपंच के लिए 82.94 फीसदी वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

त्रि-स्तरीय पंचायत उपनिर्वाचन-2026 के तहत मंगलवार को जिले में जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक-3 मेहगांव और ग्राम पंचायत कन्हवार में सरपंच पद के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। सांची विकासखंड के जिला पंचायत सदस्य वार्ड-3 मेहगांव में मतदान का प्रतिशत 41.85 प्रतिशत रहा, जबकि बाड़ी विकासखंड की ग्राम पंचायत कन्हवार में सरपंच पद के लिए 82.94 फीसदी मतदाताओं ने मतदान किया। जिला पंचायत सदस्य मेहगांव वार्ड-3 में कुल 45,969 मतदाता थे। इनमें से 19,236 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। कुल मतदान में 12,042 पुरुष और 7,194 महिला मतदाता शामिल रहे। पुरुषों का मतदान प्रतिशत 50.66 प्रतिशत, जबकि महिलाओं का मतदान प्रतिशत 32.41 फीसदी रहा।



कन्हवार में 82.94 प्रतिशत मतदान, पुरुष-महिलाओं की भागीदारी लगभग बराबर

बाड़ी विकासखंड की ग्राम पंचायत कन्हवार में सरपंच पद के लिए मतदाताओं में खासा उत्साह नजर आया। यहां कुल 1,067 मतदाताओं में से 885 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान प्रतिशत 82.94 फीसदी रहा। इनमें 473 पुरुष और 412 महिला मतदाता शामिल हैं। पुरुषों का मतदान प्रतिशत 82.98 प्रतिशत रहा।जबकि महिलाओं का 82.90 फीसदी रहा। जिला पंचायत सदस्य वार्ड तीन मेहगांव में 31 ग्राम पंचायतें आती हैं। सुंड सालेरा और महू पथरई की पंचायतों के ग्रामीणों द्वारा सड़क नहीं बनने से नाराजगी जाहिर की थी। हालांकि मंगलवार को सुबह प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंच नाराज ग्रामीणों को काफी समझाइश दी। समझाइश देने अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, एसडीएम मनीष शर्मा, कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल ने नाराज ग्रामीणों को काफी समझाइश दी। इस उपचुनाव के बहिष्कार का कितना असर पड़ेगा। यह मतदान के बाद आगामी तीन अक्टूबर को होने वाली मतगणना पर खुलासा हो जाएगा।

मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली

त्रि-स्तरीय पंचायतों के उपनिर्वाचन 2026 पूर्वार्द्ध के तहत मंगलवार को जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक-3 मेहगांव के उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रशासन की लगातार नजर रही। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण विश्वकर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने नकतरा, वनखेड़ी, मुगालिया, सालेरा, सुंड, महू पथरई गिरवर, नरवर बनखेड़ी खंडेरा सहित अन्य ग्रामों में पहुंचकर मतदान प्रक्रिया देखी। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की आवाजाही, सुरक्षा व्यवस्था और निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर और एसपी ने मतदान दलों से भी प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर तैनात पुलिस बल और कर्मचारियों की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मनीष शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह मंडले सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन की निगरानी और पुलिस बल की तैनाती के बीच मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से जारी रही।



मेहगांव के दोनों प्रत्याशी की किस्मत ईवीएम में बंद, 3 अक्टूबर को मतगणना

जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 3 मेहगांव सीट पर हो रहे उपचुनाव में मुख्य मुकाबला दो प्रतिद्वंद्वियों को बीच हो रहा है। जिला पंचायत सदस्य की उम्मीदवार पूजा चौकसे चौकसे चुनाव चिन्ह दो पत्ती और लक्ष्मण सिंह लोधी मदोरिया निवासी बनखेड़ी चुनाव चिन्ह धनुष बाण चुनाव मैदान में हैं। जिला पंचायत सदस्य के दोनों प्रत्याशियों द्वारा चुनावी माहौल को अपने पक्ष में करने चुनाव प्रचार और वोटरों को रिझाने में पूरी ताकत झोंक दी है। उपचुनाव के लिए मतदान मंगलवार 29 सितंबर को सुबह 7 बजे से शुरू हो चुका है, जो दोपहर 3 बजे तक शांतिपूर्ण माहौल में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था के बीच कराया गया। वहीं आगामी 3 अक्टूबर को पॉलीटेक्निक कॉलेज में मतगणना होगी।

मेहगांव टपरा का मामला, पुलिस ने शुरू की जांच

2 दिन से लापता नाबालिग आदिवासी बालिका का शव खंती में तैरता मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭सलामतपुर

जिले के मेहगांव टपरा से बीते दो दिनों से लापता एक 17 वर्षीय आदिवासी नाबालिग बालिका का शव लखन यादव की खदान स्थित खंती के पानी में तैरता हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

मंगलवार सुबह शव मिलने की खबर फैलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए विदिशा मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां दोपहर में पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर मौत के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

इनका कहना है

बालिका के लापता होने पर परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर तलाश की जा रही थी। मंगलवार सुबह खंती में शव मिलने की सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए विदिशा भेजा गया था। पीएम रिपोर्ट और शुरुआती साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है, मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

रामबिलोचन शर्मा, थाना प्रभारी

27 सितंबर को तड़के घर से गायब हुई थी नाबालिग

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कक्षा 5वीं तक पढ़ी बालिका 27 सितंबर की सुबह करीब 4:30 बजे अचानक अपने घर से लापता हो गई थी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं लगा, तो उन्होंने सांची थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू की थी। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे बालिका के भाई रामविलास आदिवासी ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी बहन का शव खंती के पानी में उल्टा तैर रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रामबिलोचन शर्मा, एएसआई चंद्रपाल राजपूत और पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला।

नीमखेड़ा पुल के पास हुआ हादसा, ऑटो में सवार थे तीन लोग

तेज रफ्तार बस ने सड़क किनारे खड़े ऑटो को मारी टक्कर, एक व्यक्ति गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

रायसेन-भोपाल मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के बीच नीमखेड़ा पुल के पास सड़क हादसा हो गया। रायसेन से भोपाल जा रही एक तेज रफ्तार बस ने सड़क किनारे खड़े ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार तीन लोगों में से एक को गंभीर चोटें आईं, जबकि अन्य लोग भी हादसे में घायल हुए हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद पुलिस ने बस को जब्त कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रायसेन



से भोपाल की ओर जा रही बस नीमखेड़ा पुल के पास पहुंची थी। इसी दौरान सड़क किनारे खड़े ऑटो को बस ने टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि ऑटो में तीन लोग सवार थे। अचानक हुई इस टक्कर से ऑटो में बैठे लोग संभल नहीं पाए और उन्हें चोटें आईं। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद करते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की।

टक्कर से क्षतिग्रस्त हुआ ऑटो

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की रफ्तार तेज थी और इसी दौरान सड़क किनारे खड़े ऑटो से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो को नुकसान पहुंचा है। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल बस को जब्त कर लिया है। हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन भी प्रभावित हुआ।

एसआईआर के विरोध और मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से यह देश व्यापी कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित किए जाने की बात कही गई है। एसआईआर को लेकर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, 30 सितंबर को जिला निर्वाचन कार्यालय का घेराव करेंगे। काले कपड़ों में जुटेंगे कांग्रेस नेता पार्टी कार्यकर्ता। कामधेनु शॉपिंग कॉम्पलेक्स परिसर से निकलेगा पैदल मार्च।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल रायसेन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर रायसेन में कांग्रेसी 30 सितंबर बुधवार को विरोध प्रदर्शन करेंगे। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से प्रदर्शन, मार्च और जिला निर्वाचन कार्यालय के घेराव का कार्यक्रम रखा गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के अनुसार कार्यक्रम बुधवार सुबह 11 बजे सागर-भोपाल तिराहा स्थित कामधेनु शॉपिंग कॉम्पलेक्स परिसर से शुरू होगा। यहां कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता एकत्रित होंगे। इसके बाद पैदल मार्च निकालकर नारेबाजी के बीच जिला निर्वाचन कार्यालय का घेराव किया जाएगा। कांग्रेस ने कार्यक्रम में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं से काले कपड़े पहनकर पहुंचने की अपील की है। काले कपड़े उपलब्ध नहीं होने पर गहरे रंग के कपड़े पहनकर आने को कहा गया है। पार्टी का कहना है कि प्रदर्शन के माध्यम से एसआईआर और मतदाता अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर आवाज उठाई जाएगी।

सभी संगठनों से जुटने का आह्वान

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों के साथ सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, किसान कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एससी, एसटी, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सहित पार्टी के विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। जिला कांग्रेस ने वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों और समन्वय समिति के सदस्यों से भी कार्यक्रम में साथियों सहित पहुंचने का आह्वान किया है। कांग्रेस ने अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं से शामिल होकर मतदाता अधिकार और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की है।

स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन से पटवारियों को अलग करने की मांग

संशोधित आदेश से संतुष्ट नहीं पटवारी संघ, मुख्यमंत्री के नाम एडीएम मनोज उपाध्याय को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन-2026 में पटवारियों को निष्पादक की जिम्मेदारी से अलग करने की मांग को लेकर मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला इकाई रायसेन ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। शासन की ओर से आदेश में संशोधन किए जाने के बावजूद जिला पटवारी संघ के अध्यक्ष गोविंद चौधरी के नेतृत्व में पटवारियों ने ज्ञापन अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय को सौंपा ज्ञापन।

ज्ञापन में पटवारी संघ के पदाधिकारियों और पटवारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एडीएम मनोज उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा। इसमें स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन की प्रक्रिया से पटवारियों को निष्पादक की जिम्मेदारी से मुक्त करने की मांग की गई। जिला पटवारी संघ का



कहना है कि स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन-2026 में पटवारियों को निष्पादक की जिम्मेदारी सौंपे जाने से उनके कार्यों और दायित्वों में अतिरिक्त भार बढ़ेगा। पटवारी पहले से ही राजस्व संबंधी विभिन्न कार्यों के साथ शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन और मैदानी स्तर पर अन्य जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। ऐसे में निष्पादन की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपना उनके लिए व्यावहारिक रूप से चुनौतीपूर्ण है।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में पहले भी शासन के समक्ष अपनी आपत्ति और मांग रखी गई थी। इसके बाद शासन स्तर पर आदेश में संशोधन भी किया गया, लेकिन संघ संशोधित व्यवस्था से संतुष्ट नहीं है। पटवारियों का मानना है कि संशोधन के बावजूद उनकी मूल समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इसी को लेकर दोबारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर निष्पादन प्रक्रिया से पटवारियों को पूरी तरह अलग रखने की मांग की गई है। संघ ने शासन से मांग की है कि पटवारियों की मौजूदा कार्यप्रणाली और जिम्मेदारियों को ध्यान में रखते हुए स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन-2026 की व्यवस्था में आवश्यक बदलाव किए जाएं, ताकि पटवारियों पर अतिरिक्त कार्यभार न पड़े और राजस्व संबंधी नियमित कार्य भी प्रभावित न हों।

सीएम हेल्पलाइन में सिलवानी नप का बेहतर प्रदर्शन, ए-ग्रेड

96 प्रतिशत वेटेज स्कोर पर सीएमओ राकेश मिश्रा को आयुक्त ने दिया प्रशंसा पत्र



सिलवानी। सीएम हेल्पलाइन 181 की शिकायतों के त्वरित निराकरण में नगर परिषद सिलवानी ने बेहतर प्रदर्शन किया है। अगस्त 2026 की रैंकिंग में नगर परिषद ने 96 प्रतिशत वेटेज स्कोर हासिल कर ए-ग्रेड प्राप्त किया। बेहतर प्रदर्शन पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने नगर परिषद सीएमओ राकेश मिश्रा को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा जब्त की

सीहोर। कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर ने बताया कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आबकारी विभाग की टीमों द्वारा कार्रवाई करते हुए 12 प्रकरण कायम किए गए। कार्रवाई के दौरान 31 पाव देशी मदिरा, 80 लीटर कच्ची मदिरा तथा 740 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 92 हजार 290 रुपये है। वृत्त आष्टा, बुदनी एवं सीहोर में आबकारी टीमों द्वारा ग्रामों में दबिश देकर अवैध मदिरा एवं महुआ लाहन जब्त किया गया। सभी प्रकरणों में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेश विश्वकर्मा, आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुंडल, सहायक जिला आबकारी अधिकारी संगीता नायक तथा आबकारी बल का सराहनीय योगदान रहा। जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

सर्वे में कहीं 20 तो कहीं-कहीं 50 फीसदी तक धान की फसल में पत्ती लपेटक कीट का प्रकोप

धान में लीफ फोल्डर कीड़े का प्रकोप, फसल पर बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭रायसेन

शहर के आसपास के गांवों के खेतों सहित जिले में धान में लीफ फोल्डर कीड़े का जबरदस्त प्रकोप फैल गया है। खेत में खड़ी फसल की पत्तियां मोड़ कर कीट उसमें घुसकर बैठ जाता है और फसल को धीरे-धीरे नष्ट करने में लग गया है। अचानक फैले इस रोग से धान की फसल में खतरा बढ़ गया है। हालांकि किसान वैज्ञानिकों की सलाह पर कीटनाशक के छिड़काव का इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन बताया जा रहा है कि यह दवा कीड़े के फैलने की गति को रोक नहीं पा रही है। किसान इस बात को लेकर चिंतित हैं कि इसका असर धान की उत्पादन पर पड़ने की संभावना बरकरार है। धान की फसल पर इस कीड़े को सबसे अधिक मार मेहगांव सर्किल और सांचे त क्षेत्र सहित मिनी पंजाब कहे जाने वाले पैमत सर्किल में बताई जाती है। किसानों का कहना है कि इस रोग का प्रकोप सबसे



पहले झुलसा और अब लीफ फोल्डर ने बढ़ाई किसानों की चिंता

जिले में धान की फसल पर पहले अत्यधिक और लगातार बारिश के कारण झुलसा रोग की मार पड़ी। जिसके कारण पेड़ और पत्ते पीले पड़ गए थे और अब बारिश थमने के बाद लीफ फोल्डर कीड़े ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

ज्यादा बाजार और कृषक सेवा सहकारी समितियों से लिए गए बीज वाली फसलों पर देखने में आ रहा है। जिला प्रशासन ने इसकी रोकथाम के लिए कृषि वैज्ञानिकों से पहल करने को कहा है।

किसानों को दी गई टिप्स

कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ स्वप्निल दुबे ने बताया कि धान की फसल सर्वे के दौरान फसलों पर लीफ फोल्डर की मार कम करने की सलाह किसानों को दी है। कई कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को कई टिप्स दिए हैं। जिनमें आधा दर्जन अलग-अलग दवाइयां एक निश्चित मात्रा में फसलों पर स्प्रे करने की सलाह दी गई है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. दुबे का कहना है कि बताई गई कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव से एक या दो बार में कीट पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अभी दवा स्प्रे करने से उत्पादन पर कुछ खास असर नहीं पड़ना चाहिए।

सांचेत, मेहगांव, पेमत में किया गया सर्वे

जिला प्रशासन के निर्देश पर जिले के लीफ फोल्डर से सबसे अधिक प्रभावित रायसेन तहसील के पैमत, सांचेत और मेहगांव में कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा और जिला कृषि विभाग के वैज्ञानिकों की संयुक्त टीम ने सर्वे किया है। बताया जाता है कि कहीं 20 तो कहीं-कहीं 50 फीसदी तक धान की फसल में पत्ती लपेटक कीट का प्रकोप है। हालांकि पहले के ऊपरी भागों में इसका असर मात्र 5 से 10 प्रतिशत तक पाया गया है। गैरतगंज बाड़ी सिलवानी ब्लॉक में लीफ फोल्डर का उतना असर नहीं है। कृषि वैज्ञानिकों ने आधा दर्जन दवाओं के स्प्रे की सलाह दी है। उनका कहना है कि एक-दो स्प्रे में कीट कंट्रोल हो जाएगा और उत्पादन पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा।